**एकता दिवस** | सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शहर में रन फॉर यूनिटी सहित हुये विविध आयोजन

# सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया



**नवभारत,जबलपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जबलपुर में रन फॉर यूनिटी एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने एकता और अखंडता का संदेश देते हुए मंच से युवाओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि बी.एल. संतोष ने कहा कि रन फॉर यूनिटी केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक है। सरदार पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प और विवेक से देश को एक सूत्र में पिरोया था। आज हमें उसी एकता की भावना को आगे बढ़ाना है। इसके बाद राष्ट्रीय महामंत्री बी.एल. संतोष ने भगवा झंडा दिखाकर रन फॉर यूनिटी की शुरुआत की। 'ॐ' के उद्घोष के साथ झंडी लहराई गई, सैकड़ों युवाओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम में मंच पर राजसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, अजय विश्नोई, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई।

## जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज ने दी पुष्पांजलि, किया नमन



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज, जबलपुर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन विजयनगर स्थित सरदार पटेल पार्क (एसबीआई बैंक के पीछे) में किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष इंजी. विवेक चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं स्वजातीय बंधुओं ने सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित वक्ताओं ने सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान को याद करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण, एकता और अखंडता के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महासचिव कैप्टन ओमप्रकाश सचान, वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पटेल, ज्ञान सनोडिया पी एल कुर्मी, युवा संगठन अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, महासचिव आदेश पटेल, अटल पटेल, विजय पटेल, बेडीलाल पटेल, संतोष पटेल, श्याम मनोहर पटेल, अमन पटेल, महिला संगठन से अर्चना पटेल, रोशनी पटेल, कंचन पटेल, निशांत पटेल, जीवन पटेल, बसोरी पटेल, पवन पटेल, धनेश पटेल, सतीश पटेल सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के सदस्य सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन



मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। यह दौड़ सुबह 8 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट चौराहा होते हुए उमंग रेल सामुदायिक भवन तक संपन्न हुई। सहायक कार्मिक अधिकारी कल्याण शचि पति नंदन ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## मानसिक मंद एवं मूक बधिर विद्यार्थियों ने मनाया एकता दिवस



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विकलांग सेवा भारती चेतना के मानसिक मंद एवं मूक बधिर छात्र-छात्राओं द्वारा एकता दिवस के रैली का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई, कार्यक्रम में प्राचार्य सचिन प्रजापति सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पुलिस अधीक्षक ने दिलाई राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा अधिकारियों- कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गयी।पुलिस अधीक्षक जबलपुर द्वारा एकता एवं अखण्डता का संदेश देने हेतु रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, समस्त नगर पुलिस अधीक्षक-उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य उपस्थित रहे। मैराथन दौड में जिले मे पदस्थ राजपत्रित अधिकारियो के अलावा, पुलिस कर्मी, 6वीं वाहिनी के जवान, पुलिस परिवार के तथा आमजन के लगभग 500 लोगों ने भाग लिया।

## रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय, तीनों मंडलों एवं दोनो कारखानों में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी, निबंध, ड्राइंग आदि प्रतियोगिताओं एवं रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यालय कार्मिक विभाग द्वारा प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार के मार्गदर्शन में रेल सौरभ अधिकारी क्लब में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार द्वारा रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। साथ ही रन फॉर यूनिटी के लिए भाग ले रहे रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।

## जबलपुर रेल मंडल में आयोजित हुए कार्यक्रम



मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के प्रांगण में अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर स्वप्निल पाटिल, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश सोने, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) शचि पति नंदन, सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह, सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता सौरव अवस्थी सहित सभी शाखा अधिकारी, अन्य अधिकारीगण एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एकता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम



मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर के कॉर्पोरेट कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती सम्पदा सराफ गुर्जर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई एवं श्रीमती गुर्जर ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की विविधता में निहित शक्ति और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) एस. के. गिरिया, तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### गांव के बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**नवभारत,जबलपुर।** दीपावली पर्व के अवसर पर ग्राम नटवारा में मालपानी परिवार की ओर से विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव के बच्चों ने चित्रकला, मेहंदी, दीया सजावट और रंगोली प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। त्रिभुवनदास मालपानी हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 8वीं से 12वीं तक के मेधावी छात्रों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 14 खिलाड़ी बेटियों को भी मालपानी परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नटवारा की बच्चियों ने नृत्य प्रस्तुति दी, वहीं दिव्यांग जनों ने कृत्रिम पैर लगवाने के बाद योग प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। मालपानी परिवार के कृष्णा मालपानी, अर्पिता मालपानी और श्रद्धा मालपानी ने ग्राम विकास हेतु निरंतर समर्पण की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुष्मिता बनर्जी एवं प्रियंका कलचुरी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीकांत अग्निहोत्री, प्रवीण सिंह दुर्वे, सीमा खटवानी और नेहा अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण सिंह और मोनिका परमार ने किया।




### मानसिक मंद छात्र-छात्राओं ने दिखाया जौहर

**नवभारत,जबलपुर।** सेवा इन एक्शन बेंगलुरु और स्पेशल ओलंपिक भारत मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय क्विज प्रोग्राम का आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता में 55 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता के प्रायोजक एलटीआई माइंन ट्री रही। क्विजेब्लड में मानसिक मंद छात्र छात्राओं अपने कुशल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने जोहर दिखाएं इसमे मानसिक मंद कवीज़ जूनियर मे आशा आर्मी स्कूल जबलपुर के अथर्व प्रताप सिंह और श्रेयश सिंह विजेता रहे और विकलांग सेवा भारती चेतना जबलपुर के मूक बधिर छात्रा आकाशी रजक एवं कनिष्क साहू विजेता रही। इन टीमों को 10000 रु नगद पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर सेवा इन की उपाध्यक्ष रूमा बनर्जी, स्पेशल ओलंपिक म प्र के एरिया डायरेक्टर दीपांकार बैनर्जी, विकलांग सेवा सचिव मिताली बैनर्जी, सचिन प्रजापति, राकेश शर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

### अब घर बैठे कर सकेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अपडेट

**नवभारत,जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशनरों के लिए बड़ी सुविधा शुरू की है। अब पेंशनर घर बैठे मोबाइल के माध्यम से फेस रीडर ऐप से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा कर सकते हैं। इसके लिए एंड्रॉयड मोबाइल (वर्जन 7.0 या अधिक), 5 एमपी कैमरा और बैंक में पंजीकृत आधार नंबर आवश्यक है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने बताया कि पेंशनर बेवसाइट से जीवन प्रमाण फेस ऐप डाउनलोड कर आसानी से प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। जिन पेंशनरों ने एक वर्ष से अधिक समय से डीएलसी या पुनर्विवाह न होने संबंधी प्रमाण पत्र जमा नहीं कराया है, उनकी पेंशन रोक दी जाएगी। पेंशनर यह प्रमाण पत्र फेस रीडर ऐप, उमंग ऐप, बैंक शाखा या सीएससी केंद्रों के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं। चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनरों का डीएलसी ईपीएफओ अधिकारी घर जाकर करेंगे। इसके अलावा प्रत्येक माह की 27 तारीख को आयोजित निधि आपके निकट शिविरों में भी डीएलसी अपडेट कराया जा सकता है। जानकारी हेतु व्हाट्सएप नंबर 8287777418 पर संपर्क किया जा सकता है।

## आज मनाई जाएगी देवउठनी एकादशी


**जबलपुर, नवभारत।** इस वर्ष ग्यारस को लेकर संशय की स्थितियां बनी हुई थी। की देवउठनी एकादशी आज यानी एक नवंबर को है या कल दो नवंबर को, इसी भ्रम को दूर करते हुए पं. लक्ष्मी बड़गईया ने बताया कि हिंदू धर्म में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी की बहुत मान्यता है जो इस बार आज यानी एक नवंबर को है। एकादशी तिथि का प्रवेश शुक्रवार 31 अक्टूबर को मध्यरात्रि तीन बजकर 34 मिनट से आज एक नवंबर को मध्यरात्रि दो बजकर 27 मिनट तक रहेगी। सूर्योदय से एकादशी तिथि प्राप्त होने से एक नवंबर को देवउठनी एकादशी मनायी जाएगी। बता दे कि आषाढ़ शुक्ल की एकादशी से भगवान विष्णु चिर निद्रा में चले जाते हैं और फिर चार महीनों तक विश्राम करते हैं। इस दौरान भगवान भोलेनाथ सृष्टि का कार्यभार संभालते हैं, यही कारण है कि चार महीनों तक भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। लेकिन चार महीनों के विश्राम के बाद नारायण जागते हैं और ये दिन होता है देवउठनी एकादशी। मालूम हो कि कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की एकादशी देव उठनी एकादशी कहलाती है। क्योंकि इस दिन देव गहरी निद्रा से सोकर उठते हैं और इसी के साथ शुरु हो जाते हैं शादी-विवाह जैसे मंगल कार्य।

### संत नामदेव जयंती पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

देवउठनी एकादशी एवं संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 755वीं जयंती के अवसर पर आज नामदेव भवन गढ़ाफाटक से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। श्री नामदेव आश्रम ट्रस्ट, म.प्र. नामदेव नवयुवक सभा एवं नामदेव जागृत महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह 30वां मुख्य समारोह प्रातः 11:30 बजे हवन-पूजन से प्रारंभ होगा। हवन के उपरांत शोभायात्रा नामदेव भवन से प्रारंभ होकर बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद्र चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लार्डगंज, घमंडी चौक होते हुए पुनः नामदेव भवन पहुंचेगी।

### अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार समारोह 5 को

**नवभारत,जबलपुर।** साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था मित्रसंघ मित्रसंघ के



संस्थापक जबलपुर पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा दैनिक जयलोक के संस्थापक अजित वर्मा की स्मृति में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह 5 नवंबर को सुबह 11 बजे होटल समदड़िया बराट रोड में मित्रसंघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में आशीषदाता ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज रहेंगे। मुख्य अतिथि राकेश सिंह, लोक निर्माण मंत्री, अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू तथा विधायक अजय विश्नोई, लखन घनघोरिया, अभिलाष पाण्डे तथा पूर्व विधायक विनय सक्सेना विशिष्ट अतिथि रहेंगे।



### अशोक हॉल स्कूल में गणित महोत्सव का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** अशोक हॉल स्कूल में गणित महोत्सव का आयोजन किया गया। गणित महोत्सव के माध्यम से छात्रों में तर्क शक्ति और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा गणित के महत्व को समझा। कार्यक्रम में शाला के बच्चों द्वारा जोड़, घटाना, गुणा, भाग एवं विभिन्न गणितीय खेलों को प्रस्तुत किया गया। शाला की संस्थापिका अर्पिता मालपाणी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उपरोक्त कार्यक्रम शाला के सी.ई.ओ. गंगाधरन, प्राचार्या आशिमा जॉन एवं प्रधान अध्यापिका आस्था कथूरिया के मार्गदर्शन में एवं समस्त शिक्षक गणों के सहयोग से संपन्न हुआ।



### मतदान जागरूकता के लिए नवाचारी गतिविधियां

**नवभारत,जबलपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय, जबलपुर के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत रेवा बी. एड. कॉलेज, अधारताल में निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा सितंबर व अक्टूबर माह में मतदान जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। अक्टूबर माह में 14 अक्टूबर को मतदान थीम पर रांगोली प्रतियोगिता तथा 28 अक्टूबर को मतदाता शपथ ग्रहण समारोह एवं निर्वाचन जागरूकता प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रमों के सफल संचालन में प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) रितु यादव एवं नोडल अधिकारी अनुजा राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### डॉ अवस्थी 41 वर्ष की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त

नवभारत,जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अवस्थी 41 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. जी.के. कौतु, डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. अनीता बब्बर, डॉ. अमित शर्मा आदि नें शुभकामनाएं दीं।



### वेटरनरी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के एनाटॉमी विभाग में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर मुख्य अतिथि एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आर.के. शर्मा ने की। सम्मेलन के दौरान 17 वैज्ञानिक सत्रों में प्रस्तुत शोधपत्रों व पोस्टरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. तोमर ने कहा कि यह सम्मेलन वेटरनरी एनाटॉमी के अनुसंधान को नई दिशा देगा और पशु रोग निदान में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर आईवीएवी अध्यक्ष डॉ. पी.वी.एस. किशोर ने आगामी वर्ष 2026 के सम्मेलन के फ्लायर का विमोचन किया। सम्मेलन के सफल आयोजन में डॉ. राखी वैश्य, डॉ. एस.के. कारमोरे, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. पायल जैन, डॉ सोना दुबे सहित विभागीय टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूतन ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. निधि गुप्ता ने किया।

**प्रतियोगिता** | 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का रंगारंग समापन

## जबलपुर संभाग बना ओवरऑल चैंपियन

**नवभारत, जबलपुर।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। 28 से 31 अक्टूबर तक चली इस प्रतियोगिता में 10 संभागों से 1050 खिलाड़ी एवं अधिकारी शामिल हुए। समापन समारोह में महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू सिंह), सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अजय विश्नोई, लखन घनघोरिया, नीरज सिंह तथा नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ।



अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की और सभी प्रतिभागियों के लिए डुमना नेचर पार्क भ्रमण की घोषणा की। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, डीपीसी योगेश शर्मा, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल आशा सिसोदिया, अरविंद अग्रवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, बीएसी अजय रजक, सहित खेल अधिकारी, शिक्षकों व खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। समारोह उल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

### खो-खो में भी जबलपुर का प्रथम स्थान

प्रतियोगिताओं के परिणामों में खो-खो (19 वर्ष बालक एवं बालिका वर्ग) में जबलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल (14 वर्ष बालक वर्ग) में उज्जैन संभाग विजेता रहा। रोप स्कीपिंग में विभिन्न वर्गों में भोपाल, जनजातीय कार्य विभाग तथा जबलपुर संभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल परिणामों में जबलपुर संभाग ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।



### तीन अधिकारी सहित 68 रेलकर्मी सेवानिवृत्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत तीन अधिकारी एवं एक कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 68 रेलकर्मी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 अक्टूबर को प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर ने रेल अधिकारियों में मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर रामेन्द्र निगम, मुख्य इंजीनीयर सामान्य पी. एन. तुराले एवं निजी सचिव रामकेश मीणा और रेल कर्मचारियों में मुख्य कार्यालय अधीक्षक ज्योति श्रीवास्तव के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं।